बैकयार्ड कुक्कुट पालन द्वारा मास्टर ट्रेनर्स के कौशल एवम उद्यमिता विकास विषय पर प्रदेश स्तरीय रोजगारोन्मुखी पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय जबलपुर में दिनांक 16–20 दिसंबर 2024 तक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन, डॉ. आर.के. शर्मा के निर्देशन, विस्तार शिक्षा संचालक डॉ. सुनील नायक के सहयोग एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. वैशाली खरे के अगुवाई में एवं अखिल भारतीय कुक्कट अनुसंधान परियोजना के तत्वाधान में सिंजेंटा फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 25 नव कुक्कुट उद्यमियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर लाभ लिया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मनदीप शर्मा, कुलपति नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. श्रीकांत जोशी एवम डॉ सुनील नायक, संचालक विस्तार शिक्षण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आकांक्षा सिंह एवम आभार प्रदर्शन डॉ. वैशाली खरे द्वारा किया गया। माननीय कुलपति जी ने ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण उपरांत कुक्कुट पालन को व्यवसाय के रूप में अपनाने की सलाह दी और इसे अधिक आमदनी एवं मुनाफेदार व्यवसाय बताया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा कुक्कुट की पालन के हर आयाम पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस प्रशिक्षण में डॉ. लक्ष्मी ने आवास व्यवस्था,डॉ. अनिल शिंदे ने टीकाकरण, डॉ. अंकुर खरे ने आहार व्यवस्था, डॉ. अंजू नायक ने कुक्कट बीमारियों, डॉ. अमिता दुबे ने शव परीक्षण, डॉ. ब्रजेश सिंह ने कुक्कट रोग निदान, डॉ. गिर्राज गोयल ने हेचरी प्रबंधन, डॉ. आकांक्षा सिंह ने विभिन्न ऋतुओं में कुक्कट प्रबंधन, डॉ. एस.एस. तोमर ने कुक्कट नस्लों, डॉ.हरी आर ने शासकीय कुक्कट योजनाओं एवं डॉ. वैशाली खरे ने कुक्कट अभिजनन जैसे कुक्कुट पालन से जुड़े सभी विषयों पर विस्तारपूर्वक सैद्धांतिक एवम प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षणार्थियों से फीडबैक भी लिया गया जिसमे वे पूरी तरह से प्रशिक्षण से संतुष्ट हुए। पांच दिवसीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थी को प्रक्षेत्र भ्रमण कराया गया, साथ ही उनको प्रायोगिक कार्य जैसे की आहार बनाना, हेचरी प्रबंधन, टीकाकरण की विधि के बारे में बताया गया एवं उनके द्वारा इनका अभ्यास भी कराया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर